दैनिक **क्यूँ न लिखूँ सच**

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 195 मुरादाबाद 12 November 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


# प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु में केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का किया उद्घाटन




कर्नाटक- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज से मिशन दक्षिण भारत पर हैं। इसके तहत पीएम ने चार राज्यों की दो दिवसीय यात्रा की शुरूआत कर दी है। पीएम ने बेंगलुरु पहुंचते ही सबसे पहले कर्नाटक को दो बड़े तोहफे दिए। पीएम ने बेंगलुरु में के.एस.आर. रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन और भारत गौरव काशी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। बता दें कि यह देश की 5वीं वंदे भारत ट्रेन है, जो चेन्नई-बेंगलुरु-मैसूर रूट पर चलेगी। पीएम ने इसके बाद बेंगलुरु में केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन किया।पीएम मोदी ने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। कर्नाटक भारत गौरव योजना के तहत इस ट्रेन को चलाने वाला पहला राज्य है, जिसमें कर्नाटक सरकार और रेल मंत्रालय मिलकर कर्नाटक से तीर्थयात्रियों को काशी भेजने के लिए काम कर रहे हैं। पीएम अपने दो दिनों के दौरे पर चारों राज्यों को 25 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देने वाले हैं। बता दें कि भाजपा लंबे समय से दक्षिण भारत में अपने पैर जमाने की कोशिश कर रही है, पीएम का यह दौरा उसी का एक पहलू माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के बाद भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने बेंगलुरु में देश की 5वीं वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन चेन्नई-बेंगलुरु-मैसूर रूट पर चलेगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दक्षिण भारत के चार राज्यों की दो दिवसीय यात्रा के लिए बेंगलुरु पहुंच गए हैं। पीएम के बेंगलुरु एयरपोर्ट पहुंचते ही राज्यपाल थावरचंद गहलोत, सीएम बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के धारवाड़ के सांसद प्रल्हाद जोशी ने उनका स्वागत किया।

# वाराणसी में पीएम के जीवन पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी का सीएम ने किया उद्घाटन, सतुआ बाबा को देंगे श्रद्धांजलि



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार की सुबह वाराणसी पहुंचे। वह यहां विविध आयोजनों में इस दौरान सम्मिलित होंगे। वाराणसी आने के बाद सुबह उन्होंने रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित आठ दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद वह जल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए गंगा में जेटी का शिलान्यास करने पहुंचे। जहां उन्होंने नेशनल वाटरवे-1 ( गंगा नदी ) पर आठ सामुदायिक घाटों के लिए सात सामुदायिक घाटों पर जेटी का उद्घाटन और आधारशिलाओं का अनावरण किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी दौरे के दौरान शुक्रवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित काशी के सांसद व प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उदघाट्न किया। उद्घाटन करने के पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद प्रदर्शनी जनसामान्य के अवलोकनार्थ खोल दिया गया। जो प्रतिदिन जनसामान्य के अवलोकनार्थ खुला रहेगा। काशी के सांसद व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित इस चित्र प्रदर्शनी में 55 चित्रों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को उकेरा गया है। बताते चलें कि इन चित्रों में गुजरात से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्व नेता बनने तक के सफर को कैनवास पर खूबसूरती से उकेरा गया है।इन पेंटिंग की खास बात ये है कि इनमें जीएसटी, विमुद्रीकरण और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे प्रमुख नीतिगत फैसलो को भी जगह दी गयी है। इन चित्रो में नरेन्द्र मोदी के सामने आने वाली चुनौतियों और उनकी उपलब्धियों को भी बखूबी दर्शाया गया है। आयल और एक्रिलिक रंगों से बनी इन पेंटिंग में गुजरात के एक छोटे से शहर में चाय बेचने वाले एक युवा लड़के से लेकर दुनियां के सबसे बडे लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बनने की साहसी यात्रा का एक दस्तावेज है। इन पेंटिंग में 12 पेंटिंग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवन से सम्बन्धित, 32 पेंटिंग मन की बात एवं 11 स्केच मन की बात पुस्तक से शामिल की गयी है। 50 से अधिक कंपनियों और विश्वविद्यालयों सहित 20 देशों के 800 से अधिक प्रतिभागी सम्मलित होंगे। इसके बाद श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा के दर्शन-पूजन के साथ श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के त्र्यंबक भवन में आयोजित षष्ठ पीठाधीश्वर सतुआ बाबा यमुनाचार्य महाराज की श्रद्धांजलि सभा में सहभागी होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री पं. दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल में आयोजित गति शक्ति समिट में सम्मिलित होंगे फिर लखनऊ लौट जाएंगे। सीएम के साथ जेटी उद्घाटन समारोह में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और आदर्श ग्राम कांफ्रेंस में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी होंगे।

# अरविंद केजरीवाल बोले- एमसीडी चुनाव में 20 सीटों पर सिमट जाएगी BJP, कहो तो लिख कर दे दूं



आगामी 4 दिसंबर को होने वाले दिल्ली नगर निगम चुनाव 2022 के मद्देनजर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को केजरीवाल की 10 गारंटी की घोषणा की। इस मौके उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस चुनाव में सिर्फ 20 सीटों पर सिमट जाएगी।

## AAP जीतेगी नगर निगम चुनाव

वहीं, 10 गारंटी को दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी का घोषणा माना जा रहा है। केजरीवाल की 10 गारंटी का ऐलान करने के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम नगर निगम चुनाव जीतेंगे और भाजपा हारेगी।

## केजरीवाल की 10 गारंटी

- दिल्ली को सुंदर बनाएंगे
- कूड़े के पहाड़ को खत्म करेंगे
- भ्रष्टाचार मुक्त दिल्ली नगर निगम
- आवारा पशुओं से मुक्ति
- पार्किंग की समस्या से निजात दिलाएंगे
- सड़कों दुरुस्त करेंगे
- कर्मचारियों को नियमित करेंगे
- कारोबारियों को राहत देंगे, लाइसेंस प्रक्रिया आसान करेंगे
- रेहड़ी-पटरी वालों के लिए अलग जोन होगा तैयार
- दिल्ली को पार्कों की नगरी बनाएंगे, पार्कों का विकास किया जाएगा।

गौरतलब है कि इससे पहले पंजाब और गोवा विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान भी अरविंद केजरीवाल ने गारंटी का ऐलान किया था। इसी तरह का ऐलान वह गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनाव में भी कर चुके हैं। इन गारंटी में लोकलुभावना योजनाओं का जिक्र किया जाता है।

## अरविंद केजरीवाल पर भाजपा का हमला

उधर, बृहस्पतिवार को %केजरीवाल की 10 गारंटी की घोषणा नहीं होने पर भाजपा का कहना है कि आम आदमी पार्टी ( आप ) गारंटी देकर उसे पूरा नहीं करती है। दिल्ली की जनता अब उसकी झूठ को अच्छी तरह समझ गए हैं, इसलिए वह नगर निगम चुनाव में गारंटी देने को लेकर असमंजस में है।

## प्रेसवार्ता में की गई AAP सरकार की आलोचना

दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि जनता को गारंटी देने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया अब इससे बच रहे हैं क्योंकि उनकी विश्वसनीयता सबके बीच उजागर हो चुकी है। भाजपा अपने वचन निभाने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा ने एकात्म मानववाद को अपनाया है।

# नगला माली की रास्ता ओं की हालत काफी गंभीर है अधिकारियों से मिलकर इस समस्या का अति शीघ्र समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने नगला श्याम बिहारी क्षेत्र का दौरा किया उस समय क्षेत्र के सैकड़ों से अधिक महिला पुरुष उपस्थित थे सभी गलियों को देखा प्रमुख मार्गों को देखा विकास कार से संबंधित सभी समस्याएं देखें वार्ड नंबर 36 धनीपुर क्षेत्र में भी जन समस्याओं को देखा कई क्षेत्रों का वहां पर भी दौरा किया नगला श्याम बिहारी की जो रास्ता है काफी दयनीय स्थिति है पूरी गली को देखा है देख करके ऐसा लगता है किसी गली की तरफ किसी अधिकारी ने कर्मचारी ने झांक कर देखा नहीं है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने वार्ड नंबर 36 धनीपुर क्षेत्र में कई रास्तों को देखा है जनता की समस्याएं सुनी है अधिकारियों से मिलकर पूरा प्रयास किया जाएगा नगला श्याम बिहारी की रास्ता धनीपुर वार्ड नंबर 36 में जो भी रास्ता है विकास कार्य से वंचित हैं सब अधिकारियों से मिलकर उनका विकास कार्य कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है अधिकारी भी इस समय उत्तर प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है विकास कार्य की आड़ में जनता का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा माननीय मुख्यमंत्री जी का आदेश है किसी भी क्षेत्र में कोई रास्ता विकास कार से वंचित नहीं रहनी चाहिए सब जगह विकास कार्य हो उसी आदेश का अधिकारी पालन करें

# एसओ बबुरी ने राइज़िंग सन स्कूल के खेल-कूद कार्यक्रम का किया शुभारम्भ



तौफ़ीक़ खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बबुरी- स्थानीय थाना क्षेत्र के मवैया स्थित राइजिंग सन पब्लिक स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ थानाध्यक्ष बबुरी अतुल कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कर किया गया।सर्वप्रथम मुख्य द्वार पर विद्यालय की प्रधानाचार्यो ने मुख्य अतिथि को पुष्प भेंट कर स्वागत किया तथा बच्चों द्वारा पुष्प वर्षा की गयी।कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश पूजन से किया गया।तदोपरान्त मुख्य अतिथि का बच्चों द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा प्रधानाचार्या द्वारा मुख्यातिथि को बैज अलंकरण कर स्मृति चिह्न भेंट किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित खेलकूद समारोह का शुभारम्भ कराया गया साथ ही बच्चों द्वारा खेलकूद नियमावली का शपथ ग्रहण कराया गया। खेलकूद के विविध कार्यक्रमों में छोटे बच्चों का जलेबी रेस, फ्रॉग रेस, वेजिटेबल रेस, जक जम्प रेस, पोटैटो पुटिंग इन द सर्कल रेस, बॉटल फिलिंग रेस तथा बड़े बच्चों का रेस, लांग जप, हाई जंप, शार्ट पुट, चेस एवं कैरम खेल सम्मिलित था। मुख्य अतिथि अतुल कुमार ने अपने वक्तव्य में कहाकि बच्चे देश के भविष्य हैं और इनके बहुमुखी विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद भी अति आवश्यक है।

# सड़क हादसे में बच्चे की मौत

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- इकौना श्रावस्ती नेशनल हाईवे 730 भगवानपुर बनकट उच्च प्राथमिक विद्यालय के समीप दंपत्ति की बाइक अनियंत्रित होकर टेंपो रिक्शा से टकरा गई बाइक पर बैठे चार वर्षीय रितेश राजभर उछलकर टेंपो के पहिए के नीचे आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक सड़क पर गिर गई और पीछे बैठी बच्चे की मां तथा बाइक चालक पिता तिवारी राजभर को भी काफी चोटें आई हैं आनन-फानन में बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना ले गया जाया गया जहां पर इलाज के दौरान रितेश राजभर की मौत हो गई आपको बता दें कि जनपद गोंडा के ग्राम लक्ष्मणपुर लाल नगर निवासी तिवारी राजभर अपने पत्नी और बच्चे रितेश राजभर के साथ थाना नवीन मॉडल श्रावस्ती अंतर्गत गांव वीरपुर अपने ससुराल आए थे जो बुधवार को सीताद्वार पर लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेला देखने अपने अपनी पत्नी व बच्चे के साथ वाइक से गए थे रात्रि वापस आते समय उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टेंपो रिक्शा से टकरा गई जहां पर यह हादसा हुआ हालांकि दंपति के द्वारा समाचार लिखे जाने तक थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई है और बच्चे का शव अंतिम संस्कार के लिए गोंडा जनपद ले जाया गया है

# गोपी पर दो युवकों ने किशोर से मोबाइल छीना

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-अकराबाद - थाना के क्षेत्र गोपी पर इन दिनों चोर व छिनैती करने वालों के हौसले बुलंद नजर आरहे हैं। बुधवार की शाम गोपी के नजदीक गांव रुदयन निवासी यशवीर पुत्र विशंभर दयाल गोपी पर चाट पकौड़ी लगाकर परिवार की गुजरबसर करते है। उसका बेटा गांव से खाना देने गोपी आया था। अभी वह दुकान पर पहुंचा भी नहीं था। कि दो युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया और जबरन उसके हाथ में लगे मोबाइल को छीनकर फरार हो गये।पीड़ित ने मोबाइल छीनकर लेजाने वाले दो अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी हैं। बतादें कि करीब एक सप्ताह पूर्व चोरों ने गोपी ओवरब्रिज के निकट खड़े ट्रक से बैट्रियां व नकदी सहित अन्य कागजात चोरी कर लिए थे। पुलिस उनका आज तक पता नहीं लगा पाई हैं।

# पत्नी के अनुरोध पर रूका बैनामा , क्रेता मौके से फरार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती थाना सोनवा के अंतर्गत ग्राम पंचायत फतुहा पुर लक्ष्मन नगर के निवासी मुबारक पुत्र साबिर ने लखा ही खास में हाईवे से मिला हुआ जमीन को खरीद रहे थे जो विक्रेता के पत्नी के द्वारा आत्महत्या करने के प्रयास पर रजिस्टर व उप जिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला ने बैनामा को रोकवा कर और कहा कि आप अपने पत्नी के नाम संपत्ति कर दीजिए क्योंकि पत्नी ने बताया कि मेरे नाबालिक 6 बच्चियां हैं बिना शादी किए हुए यह सारी जमीन नशे की हालत में आकर बेच देते हैं इस संबंध में विक्रेता सुरेश कुमार भार्गव पुत्र मगन बिहारी ने बताया कि अब मैं बिना पत्नी के सहमति के बिना जमीन नहीं बेचूंगा और जितनी सम्पत मेरे पास है व अपनी संम्पत पत्नी के नाम कर दूंगा बयान के आधार पर रजिस्टर ने बताया कि आप तत्काल प्रभाव से पैसे की व्यवस्था करके जमीन पत्नी के नाम कर दें अन्यथा बेचने के लिए दोबारा कार्यालय में आओगे तो तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई कर दी जाएगी

# इंटरमीडिएट की अर्धवार्षिक परीक्षा देने जा रही छात्रा बाइक की चपेट में आने से घायल


लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- अकराबाद- नेशनल हाइवे पर खानगढ़ी के निकट अलीगढ़ जाने के लिए आटो के इंतजार में खड़ी छात्रा एक बाइक की चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गई। महिमा पुत्री देवेंद्र निवासी गांव इकरी थाना महुआ खेड़ा अलीगढ़ की डीएवी कालेज में पढ़ती है। शुक्रवार की दोपहर वह अपने बहन के साथ इंटरमीडिएट की अर्धवार्षिक परीक्षा देने कालेज जा रही थी। वह खानगढ़ी के निकट आटो के इंतजार में खड़ी थी।तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने महिमा में टक्कर मारदी।हादसे में घायल छात्रा को राहगीरों ने उपचार के लिए अलीगढ़ के निजी न्यू आराध्या अस्पताल में भेजा है।

# अवैध रूप से गैस रिफिलिंग व स्टॉक रखने पर हुई छापेमारी

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय ने बताया है मुखबिर द्वारा दूरभाष पर अवैध गैस रिफिलिंग की सूचना पर थानाध्यक्ष भिनगा जितेन्द्र कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक जमुनहा राजेश सिंह, पूर्ति निरीक्षक भिनगा विवेक श्रीवास्तव व कनिष्ठ सहायक भिनगा विवेक तिवारी के द्वारा अवैध रूप से गैस रिफिलिंग व स्टॉक रखने पर अतेश कुमार उर्फ रामजी पुत्र हरिमोहन, मोहल्ला-टण्डवा, वार्ड नं0-18, रजानगर के घर पर छापेमारी की गयी। जिसमें 33 कामर्शियल सिलेण्डर, 18 घरेलू सिलेण्डर तथा 07 ( 05 किग्रा ) का छोटा सिलेण्डर कुल 58 सिलेण्डर के साथ अवैध गैस रिफिलिंग टूल्स व एक कुण्टल का इलेक्ट्रानिक कांटा छापेमारी के दौरान जब्त किया गया तथा सम्बन्धित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्यवाही की गयी।

# युवती को बहलाफुसला भगाकर लेजाने के आरोप में रिपोर्ट

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-अकराबाद - थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने बेटी को बहलाफुसला भगाकर लेजाने के आरोप में कासगंज के एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है किओ बीतीरात उसकी सत्रह वर्षीय बेटी खाना खाने के बाद परिवार के साथ घर में सोई थी।सुबह देखा तो बेटी घर पर नहीं थी। मामले के संबंध में कोतवाल रामवकीलसिंह ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर जनपद कासगंज के थाना अमांपुर के गांव बढ़ारी निवासी करन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सिंचाई, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यान, दुग्ध समिति, गन्ना भुगतान तथा सहकारिता की समीक्षा बैठक सम्पन्न


दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सहभागिता योजना में प्रगति बढ़ाने तथा ठंड से बचाव हेतु गौआश्रय स्थलों पर पशुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कैम्प कार्यालय पर सिंचाई, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यान, दुग्ध समिति, गन्ना भुगतान तथा सहकारिता आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर अधिशासी अभियन्ता सिंचाई ने बताया कि नहरों में सिल्ट सफाई का कार्य चल रहा है, 30 नवम्बर तक कार्य पूर्ण हो जाएगा। कृषि विभाग के अन्तर्गत सोलर फोटो वोल्टेक में प्रगति कम होने पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी से कारण जानते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने तथा सोलर कंपनियों से भी संपर्क बनाये रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उर्वरक उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की तो बताया कि जनपद में 1100 एमटी डीएपी उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह रिपोर्ट उपलब्ध कराये कि कितने उर्वरक की आवश्यकता है और जनपद में कितना उर्वरक उपलब्ध है। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पशुओं में लम्बी बीमारी के संबंध में जानकारी प्राप्त की तो मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में कोई नया केस संज्ञान में नही आया है। जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि ठंड से बचाव हेतु पराली आदि की व्यवस्था समय से कर ली जाये। सहभागिता योजना में मण्डल में जनपद की स्थिति पीछे होने पर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि गौ आश्रय स्थलों का भ्रमण करते रहें तथा चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रखे। राज्य औद्यानिक मिशन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बिलारी हाईटेक नर्सरी के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि नर्सरी का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि किसान लाभ उठा सके। दुग्ध समितियों के गठन के अन्तर्गत लक्ष्य पूर्ण होने पर जिलाधिकारी ने निष्क्रिय समितियों को भी सक्रिय करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, डीएसटीओ मो0 परवेज, तथा कृषि, पशुपालन, उद्यान, सिंचाई, मत्स्य, भूजल संरक्षण, दुग्ध विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

# बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति गंभीर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-कटघर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह रामगंगा पुल पर बस ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार बिलारी क्षेत्र निवासी महिला की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिलारी थाना क्षेत्र के गांव तेवर खास निवासी फईम फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का काम करते हैं। परिवार में पत्नी नसरीन जहां (28), दो बेटियां और एक बेटा हैं। शुक्रवार सुबह नसरीन जहां को लेकर फईम बाइक से दवा लेने टांडा के लिए निकला था। सुबह करीब आठ बजे कटघर थाना क्षेत्र में रामगंगा पुल पर गुलाबबाड़ी के पास पहुंचा तभी बस ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में नसरीन जहां की मौके पर ही मौत हो गई। पति फईम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में एम्बुलेंस से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले में जान गंवाने वाली नसरीन जहां के ससुर सलीम ने बस चालक के खिलाफ कटघर थाने में तहरीर दी है। एसएचओ कटघर मनीष सक्सेना ने बताया कि पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उधर नसरीन जहां की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा है। उसके तीनों बच्चों आरिफा, मोहम्मद फैज व हुमायरा को यह अहसास भी नहीं है कि उनसे मां का प्यार हमेशा के लिए छिन गया है।

# डीएपी को सहकारी समितियों के बाहर किसानों की लंबी लाइन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-डीएपी को लेकर मुरादाबाद के किसानों को सहकारी समितियों पर इंतजार करना पड़ रहा है। कृषि विभाग के अफसरों का कहना है कि डीएपी और एनपीके जिले में पर्याप्त है लेकिन पॉश मशीन में नेटवर्क की दिक्कत और सारा स्टाक सहकारी समिति को एलाट करने से सहकारी समितियों पर किसानों की भीड़ लग रही है। आलू के पहले पानी और गेहूं की बुवाई के लिए डीएपी की जरूरत होती है, इसको लेकर प्रदेश के हर जिले में डीएपी को सहकारी समितियों के माध्यम से बंटवाने से हर जगह मारामारी की स्थिति बन गई है। मुरादाबाद में अभी दो तीन पहले 3646 मीट्रिक टन डीएपी व एनपीके की रैक आई। इसमें 1836 मीट्रिक टन डीएपी व इतनी ही मात्रा में एनपीके जिले की 52 समितियों को दी गई है। डीएपी व एनपीके को सहकारी समितियों की जरिए वितरण से किसानों को परेशानी हो रही है, समितियों को पूरी लॉट देने से वितरण में कुछ अधिक वक्त लग रहा है। डीएपी वितरण में देरी के बारे में कृषि विभाग के उपनिदेशक कृषि व जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने बताया कि पॉश मशीन के माध्यम से डीएपी व एनपीके का वितरण हो रहा है लेकिन पॉश मशीन खराब होने तो कभी नेटवर्क न मिलने से किसानों को डीएपी मिलने में वक्त लग रहा है। वैसे जिले में पर्याप्त स्टाक है, सोलह-सत्रह में एनपीके की 3500 मीट्रिक टन की रैक आनी है जिससे काफी हद तक मारामारी की स्थिति कंट्रोल हो जाएगी।

www.knlslive.com

# रिश्वत लेते गिरफ्तार, ठेकेदार से बिल पास कराने के लिए मांगे थे पांच हजार रुपये



मुरादाबाद-मुरादाबाद में छजलैट के ब्लाक कार्यालय में एंटी करप्शन की टीम ने पांच हज़ार की रिश्वत लेते हुए एडीओ पंचायत कुलदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ठेकेदार जितेंद्र सिंह से दो फाइलों का बिल पास करने के लिए पांच हज़ार रुपये मांग रहा था।ठेकेदार ने एंटी करप्शन कार्यालय में की थी शिकायत- इस मामले की शिकायत ठेकेदार ने एंटीकरप्शन कार्यालय में की थी। शुक्रवार को एंटीकरप्शन टीम के प्रभारी विजय कुमार ने अपनी टीम के साथ ब्लाक कार्यालय में छापेमारी करके रंगे हाथ आरोपित एडीओ कुलदीप सिंह को पकड़ लिया। आरोपित के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। मृतक आश्रित को नौकरी देने के आदेश-रेलवे में मृतक आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त से संबंधित अदालत गुरुवार को लगाई गई। इसकी अध्यक्षता अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी) राकेश सिंह की अध्यक्षता में की गई। जिसमें एक मामले का निपटारा किया गया। अदालत में मृतक आश्रितों ने नौकरी के लिए सात आवेदन आए थे। छह मामले में पाया कि काफी पुराना विवादित मामला है। बिना विवाद निस्तारण किए रेलवे के नियमानुसार नौकरी नहीं दी जा सकती है। पिछली अदालत में लोगों ने नौकरी के लिए आवेदन किया था। लेकिन, आवेदनकर्ता ने विवाद खत्म करने के लिए कोई प्रयास तक नहीं किया गया। इसलिए छह प्रकरणों को निरस्त कर दिया है। एक मामले की सुनवाई की जिसमें आदेश दिया कि मामले की जांच कराकर आश्रित को नौकरी दे दी जाएगी। अदालत में मंडल कार्मिक अधिकारी एसके त्यागी उपस्थित थे।

## हाफ मैराथन का एमडीए कार्यालय से होगा शुभारंभ

हाफ मैराथन व बाल मेला कराने के लिए मुरादाबाद विकास प्राधिकरण अफसरों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुरुवार को एमडीए सचिव राजीव पांडे ने हाफ मैराथन के रूट का अधीनस्थ अधिकारियों के साथ निरीक्षण करके दिशा-निर्देश भी दिए। 14 नवंबर को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर भी मोहर लगाई। सुबह हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ सुबह साढ़े नौ बजे विकास प्राधिकरण के कार्यालय से होगा। हर्बल पार्क पर समापन किया जाएगा। बाल मेले का उद्घाटन सुबह ग्यारह बजे, ड्राइंग प्रतियोगिता साढ़े ग्यारह बजे, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता साढ़े ग्यारह से 11.50 तक होगी। म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता 11:50 से 12 बजे तक, 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता अपरान्ह 12 बजे होगी। समूह नृत्य 12:10 से एक बजे तक होना है। पुरस्कार वितरण तीन बजे किया जाएगा। एमडीए सचिव राजीव पांडे ने कार्यक्रम को लेकर विभाग के कर्मचारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को हर्बल पार्क में लगे सभी प्रकार के झूले फ्री होंगे। प्रवेश के लिए भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Beyond such a loss

India's crushing defeat at the hands of England in the semi-final of the T20 Cricket World Cup is raising many questions and now is the time to think seriously about the future of the Indian team. The question has become very difficult that why is a strong team getting piled up in important matches continuously for the last almost ten years? Those who say will give solace to the heart and it is very true that England did a little better on Friday in Adelaide. It is his historic victory, which his players will remember for years to inspire. We have no choice but to take lessons. Players will try to forget the loss with 24 remaining balls and ten wickets, but the mind of the Indian audience will undoubtedly be heavy today. Where the dreams of playing and winning in the finals had started and where have been destined to lose in the semi-finals itself. Nevertheless, it must be remembered that the urge to win a victory is born only after a defeat.

After the crushing defeat, captain Rohit Sharma has been seen inconsolable, so it is also necessary. When you let crores of people down with your poor performance, you must realize the gravity of defeat in the midst of the heavy glare of cricket. There was a time when New Zealand beat India for just 88 runs in an ODI by a margin of 200 runs, but the same team led by Mahendra Singh Dhoni managed to win the ODI World Cup exactly a year later. Therefore, there is no surprise if the latest defeat in cricket paves the way for further victories. Yes, now need to move on from Rohit Sharma. He is undoubtedly a good player, but he should keep in mind that Virat Kohli has been sidelined from captaincy because of India's failure to win the final in any major tournament. If a good team is notorious for being piled on the spot, a strategic shift cannot be avoided. Is there a lack of morale in the team? Do our eat-and-drink players remain so relaxed or confident that they can't handle the stress of the most special matches? They need more skilled hardworking coaches like Rahul Dravid as well as psychologists. As England won in Adelaide, only two players Jos Buttler (80 runs) and Alex Hales (86 runs) have taken an unbeaten victory, which Indian players should learn from the mental strength, style and labor of these two players. Barring Hardik Pandya among the young players, how much do the rest of the players contribute? KL Rahul, Rohit Sharma not only disappointed, Virat Kohli also has to think that just 50 runs in 40 balls on a batsman friendly pitch is not enough. Had Kohli been able to score 65 runs in 40 balls after pinning the peg in the crucial match, then the match would have been different. World Cup is not frequent, so other teams do their best in semi-finals, finals, but what happens to the Indian team in such matches? A successful team should have no place for bad fielders, misses and players who forget what the richest nation in the world of cricket and its people expect from them.


# People used to troll Aashika Bhatia as 'fat buffalo', the actress lost weight overnight, the transformation will surprise

Fat shaming is not a new thing in Bollywood and TV industry. Trolling people on the social media posts of actresses by calling them fat is nothing new. Some actors deal with it, while there are some who lose courage. One such artist is Ashika Bhatia, who was even called 'fat buffalo' due to her increased weight. The actress told that all these comments used to affect her so much that to avoid this, she took a big decision. Ashika Bhatia left the industry? - TV actress Ashika Bhatia who has traveled to Bollywood is a social media sensation. Fans are waiting for their trending reels. However, social media users were not always so friendly for the actress. There was a time when he was trolled with words like 'fat, buffalo and fatso'. But she did not give up and started to bring about a change in herself. Lost weight overnight - Recently, Aashika shared a video on social media, in which she has told how people used to treat her when she was fat. He surprised people with his transformation looks in a video. He told how he crossed the fat to fab journey. By the way, people taunted her for this tremendous transformation of Aashika that it was all done through the operation. Shocking Transformation Video - Aashika is a social media sensation today, she has more than 5.8 million followers on Instagram. He is an inspiration to many people who fall prey to depression due to fat shaming on social media. Let us tell about Ashika that she has appeared in serials like 'Kuch Rang Pyar Ke Aise Bhi', 'Meera', 'Parvarish .. Kuch Khatti Kuch Meethi'. Apart from this, he has also shared the screen with stars like Salman Khan and Sonam Kapoor in Prem Ratan Dhan Payo. He has been missing from the screen for a few days, so there are speculations that he might have left the industry.



# Amitabh Bachchan told the problem of every man related to his wife, Jaya also takes class

By now most people are aware of the anger of Amitabh Bachchan's wife Jaya Bachchan. Big B often mentions Jaya in the show Kaun Banega Crorepati. In the recent episode, he narrated the incident to a contestant. He told what happens when Jaya Bachchan misses her phone. Amitabh Bachchan also revealed that he did a jugaad so that he could not miss the phone. Missing the phone is a big problem - Amitabh Bachchan keeps KBC contestants informed with interesting anecdotes from his life. Along with this, the audience also gets a chance to smile at these things. Big B told how much trouble he has to face when he misses Jaya's call at work. Amitabh Bachchan was talking to Contestant Bhupendra Chaudhary. Amitabh Bachchan told Bhupendra that he is not alone in this matter, he too has to face all this. This is the problem of every man- Bhupendra is a program executive of an NGO in Gujarat. He told that he is putting a different ring tone on his wife's number because missing the call means trouble. On this Amitabh Bachchan said, it is not only your problem. All men have problems. The call came from there and if you did not pick it up, then you are done with work. Pick up the phone anyway - Bhupendra asks what happens when he misses Jaya Bachchan's call when there are three or four missed calls. Is he able to speak something to Jaya Bachchan or does he speak the same. On this Amitabh said, what is it sir that the woman has no idea that we are working, we are busy, there must be some reason due to which we are not picking up.



# बनकर तैयार होते ही रेस्ट एरिया बिल्डिंग की दीवारों में पड़ी दरारें

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मलावन - पिछले दिनों ही नेशनल हाईवे स्थित टोल प्लाजा पर बनाकर तैयार की गई रेस्ट एरिया की बिल्डिंग की दीवारों में अभी से दरारें दिखाई देने लगी हैं। जिस इमारत का उपयोग भी शुरू नहीं हो पाया उसमें अभी से दरारें पड़ना निर्माण की गुणवत्ता की सीधे तौर पर सवाल खड़े कर रहा है। हम बात कर रहे हैं हाल ही में बनाकर तैयार किए गए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 के किनारे पुलिस चौकी सेंथरी के सामने स्थित रेस्ट एरिया की। जिसकी इमारत तो बनकर तैयार हो गईं लेकिन उपयोग प्रारंभ नहीं हो पाया। इससे पहले ही उसकी दीवारों में दरारें पड़ना शुरू हो चुकी हैं। दीवार में यह चटकन एक-दो जगह नहीं, बल्कि पूरी-पूरी दीवार पर ही दिखाई दे रही है। आसपास के कुछ लोगों का कहना है कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की कमी के चलते ऐसा हो रहा है। बंद पड़ी हैं लाइटें रेस्ट एरिया और उसके सामने हाईवे पर जो भी लाइटें लगी हुई हैं,




पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हुई हैं। इस बारे में पीएनसी कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि विद्युत विभाग की कुछ कमियों के कारण लाइट्स नहीं जल पा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक यहां लाइट न जलने से रेस्ट एरिया के सामने जो ढाबा है उस पर रात में भी वाहन बिल्कुल हाईवे पर खड़े होते हैं जो कि दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। किसी बिल्डिंग में दरारें आने की बात सही नहीं है। वैसे भी यह कंपनी का आंतरिक मामला है। कंपनी इस पर अपने हिसाब से कार्य कराएगी।--कुलदीप सिंह, एचआर मैनेजर पीएनसी

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## जलेसर कस्बे में टप्पेबाजों ने आभूषण की दुकान से गहनों पर किया हाथ साफ



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जलेसर कस्बे में टप्पेबाजों ने आभूषण की दुकान से गहनों पर किया हाथ साफ। गिफ्ट खरीदने का बहाना कर लगभग 40 ग्राम सोने के आभूषण किये चोरी। आधे घंटे तक आभूषण देखने के बाद टप्पे बाज ने घटना को दिया अंजाम दुकानदार को नहीं हुआ चोरी का आभास। चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली जलेसर में दी तहरीर। पल्सर मोटरसाइकिल सवार चोरों का सीसीटीवी फुटेज आया सामने। मुकदमा पंजीकृत कर जलेसर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर किए शेयर, आमजनों से की चोरों को पहचानने की अपील।

## प्रिन्ट्स गर्ल इण्टर कॉलेज व पुष्पा देवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी गॉधी मार्केट एटा में बच्चों को पेन्टिंग, क्विज, एवं वाद विवाद प्रतियोयोगिता करायी




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-यातायात जागरुकता माह नवम्बर 2022 के क्रम में श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) के निकट निर्देशन में यातायात प्रभारी मय यातायात कर्मचारी गण के साथ - जनपद के प्रिन्ट्स गर्ल इण्टर कॉलेज व पुष्पा देवी कॉलेज ऑफ फार्मेसी गॉधी मार्केट एटा में बच्चों को पेन्टिंग, क्विज, एवं वाद विवाद प्रतियोयोगिता करायी गयी व अध्यापक एवं छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया मुख्य चौराहों पर जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया वाहन स्वामी / चालकों को वाहन का रख रखाव फिटनेस आदि के वारे में जागरुक किया तथा वाहन चलाते समय मोवाइल फोन/ ईयर फोन का प्रयोग करने पर व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी शहर के व्यस्त चौराहों पर होर्डिंग्स् लगायीं गयी व 3 पोस्टर चिपकाये गये 450 पम्पलेट वाँटी गयी एवं फेसबुक,व्हाट्सऐप,ट्विटर, एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया। एवं दैनिक चैकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले विभिन्न वाहनों के 105 ई-चालान पर 101500 रुपये जुर्माना किया गया।

## घर से नाराज़ होकर निकले 28 वर्षीय युवक को 24 घंटे के अंदर टूंडला जनपद फिरोजाबाद से सकुशल बरामद कर किया परिजनों को सुपुर्द




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना सकरौली पुलिस को मिली सफलता, घर से नाराज़ होकर निकले 28 वर्षीय युवक को 24 घंटे के अंदर टूंडला जनपद फिरोजाबाद से सकुशल बरामद कर किया परिजनों को सुपुर्द। घटनाक्रमानुसार दिनांक 09.11.2022 को प्रभारी निरीक्षक थाना सकरौली एटा को 28 वर्षीय युवक के गुम हो जाने की सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा थाना पर गुमशुदगी दर्ज कर, सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से जानकारी करने तथा काफी अथक प्रयास करने के बाद ज्ञात हुआ

कि युवक घर से नाराज़ होकर टूंडला जनपद फिरोजाबाद पहुंच गया था। युवक को टूंडला जनपद फिरोजाबाद से एटा लाकर सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। एटा पुलिस द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की आमजन द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई।


## श्रवण गंगा सेवा समिति द्वारा कराया गया लंपी रोग से ग्रस्त निराश्रित गौ माता का उपचार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-उत्तर प्रदेश के जनपद एटा से है जहाँ विधानसभा क्षेत्र जलेसर के विकास खंड अवागढ़ अंतर्गत एटा टूण्डला मार्ग स्थित ग्राम जिनावली में आज सुबह एक लंपी रोग से ग्रसित एक निराश्रित और बेसहारा गौमाता गलियों में घूम रही थी तभी उसे श्रवण गंगा सेवा समिति के कार्यालय प्रभारी गपेन्द्र सिंह जादौन (गप्पू ठाकुर, जिनावली) ने स्वत: संज्ञान लेते हुए उसकी जानकारी नजदीकी ब्लॉक अवागढ़ के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रेवती प्रसाद को दी। पशु चिकित्सा अधिकारी ने जल्द ही अपनी टीम भेज कर गौ माता का उपचार कराया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रेवती प्रसाद निराश्रित गौवंशों की समस्याओं को लेकर काफ़ी संवेदनशील हैं। सूचना मिलते ही तत्काल अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की टीम को मौके पर भेजकर सही इलाज़ करवाते हैं और बेसहारा गौवंशों की हर सम्भव मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। श्रवण गंगा समिति के सदस्य निराश्रित गौवंशों की सेवा करते हुए सराहनीय कार्य करने में लगे

## युवक को मामूली विवाद मैं दी तालिबानी सजा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-22 वर्षीय युवक को खंभे से बांधकर लाठी-डंडों से की जमकर मारपीट,नामजद आरोपी 22 वर्षीय युवक को लहूलुहान अवस्था में छोड़ मौके से फरार,

घायल युवक की स्थिति देख स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने कराया मेडिकल कॉलेज एटा में भर्ती,खंभे से बांधकर मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा जमकर वायरल,मारपीट का वायरल वीडियो एटा थाना जैथरा क्षेत्र के तिगरा गांव का बताया गया,

# राशन कटौती-ब्लांक मुख्यालय के उचित मूल्य दुकान संचालकों ने तहसीलदार को सौंप ज्ञापन

## राशन वितरण में किया गया है कटौती

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ओड़गी - जिले में उचित मूल्य राशन दुकान संचालक राशन कटौती के खिलाफ विरोध में उतर आए है। उचित मूल्य दुकान संचालकों का कहना है कि ओड़गी ब्लाक के समस्त शासकीय उचित मूल्य दूकानो में नवम्बर माह में चना, शक्कर, चावल, नमक सभी पी0डी0एस0 दूकानों आबंटन के हिसाब से कम प्राप्त हुआ, जिसमें सभी विक्रताओं को राशन वितरण करने में परेशानी दिक्कत होगा तथा विगत वर्ष सन दिसम्बर 2016 से ऑनलाईन वितरण शुरू (आरम्भ) हुआ था जिस संचालको को पूर्णरूप से प्रशिक्षण नही दिया गया था। एवं सर्वर में आय दिन समस्या होने के कारण ऑनलाईन अपलोड़ सही रूप से नही हो पाया।




जिस कारण ऑनलाईन मशीन में स्टाक शेष रह गया जबकि संचालको विक्रेताओं के द्वारा सभी हितग्राही को राशन पूर्णरूप से वितरण कर दिया गया था। जबकि वर्तमान में पुराने स्टाक के हिसाब से कटौती करके राशन भण्डारण किया जा रहा है। इसके सम्बन्ध में खाद्य मंत्री के नाम ओड़गी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने में राकेश पांडे, राजू यादव, बृजेश कुमार ,कौशल्या मिंज,आशीष गुर्जर, महेंद्र कुमार, हिमेंद्र गुर्जर, निरंतर प्रसाद, कलेश्वर ,मानसाय, नधीर पैकरा, बीजू पैकरा, विजय राजवाड़े , सुभाष ,राजधानी शशांक गुर्जर, देव प्रताप, प्रितपाल ,सुधांशु गुर्जर ,भूपेंद्र गुर्जर व भारी संख्या में उचित मूल्य दुकान के संचालक उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने विशेष किशोर पुलिस ईकाई एवं बाल कल्याण अधिकारियों की ली बैठक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-गुमशुदा/अपहृत बच्चों की बरामदगी, महिला व बालकों से संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के गाईड लाईन का कड़ाई से पालन करने का निर्देश। जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू की अध्यक्षता में जिले में कार्यरत् विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं थाना स्तर पर कार्यरत् बाल कल्याण अधिकारी का कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। बाल संरक्षण, पाक्सो एक्ट, जे0जे0 एक्ट, इत्यादि विषयों के सम्बन्ध में वार्ता कर जानकारी दी गई। बैठक के दौरान पाक्सो एक्ट व महिला सम्बन्धी अपराधों में की जाने वाली कार्यवाहियों के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। विशेष किशोर पुलिस ईकाई व बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पास्को एवं किशोर न्याय अधिनियम बालकों के अधिकारों एवं उनकी रक्षा के लिए बनाया गया है। महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की



विवेचना तत्परतापूर्वक संवेदनशीलता से करते हुए आरोपी को सजा दिलाए, ताकि ऐसे अपराधों में कमी आए, बच्चों का लैंगिक शोषण बहुत गंभीर अपराध है, इसकी रोकथाम में मददगार बने। लोगों को जागरूक करें कि महिला एवं बच्चों के विरूद्ध अपराध की जानकारी पर निकटतम पुलिस थाने में सूचना दे इसके लिए उन्हें जागरूक किया जाए। अपहृत/गुम इंसान बालक-बालिका की दस्तयाबी विशेष प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने क्राईम रेट को कम करने को लेकर पुलिस अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए मेहनत से कार्य करने के निर्देश दिए। विशेष किशोर पुलिस इकाई के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह ने भी निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। महिला एवं बच्चों के विरूद्ध अपराध पर संवेदनशील होकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए समुचित कार्यवाही करने, पीड़िता एवं बच्चों की पहचान उजागर न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ होने वाले अपराध को छुपाना या सूचना ना देने पर भी दण्ड का प्रावधान है। पोस्को एक्ट एवं किशोर न्याय अधिनियम से जुड़े जरूरी नियमों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कोई बच्चा शिकायत करने आए या किसी मामले में बच्चा आरोपी हो तो बाल कल्याण अधिकारी सादा कपड़ों में उस बच्चे से बात करें, ताकि बच्चों को थाने के माहौल से अलग सामान्य माहौल मिल सके। ज्ञात हो कि प्रत्येक थानों में 6 बाल कल्याण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, निरीक्षक जावेद मियांदाद, थाना-चौकी प्रभारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार ओंकार पाण्डेय, अधिवक्ता राकेश गुप्ता, दीपक कर, कविता मण्डल, चंदा प्रजापति, राजेश दुबे, धर्मजीत राजवाड़े, सखी वन स्टाप सेंटर, विशेष किशोर पुलिस ईकाई व बाल कल्याण पुलिस अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# नगला कमलू में जमीनी विवाद को लेकर ताऊ व ताई ने भतीजे को जमकर पीटा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-अकराबाद-थाना क्षेत्र के गांव नगला कमलू गोपी में एक जमीन के पैसों को लेकर ताऊ व ताई ने अपने भतीजे को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया मामले में पीड़ित ने तहरीर दी है। गांव नगला कमलू निवासी नरेंद्र सिंह उर्फ भोला पुत्र टोड़ी सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहां है उसने अपना खेत अपने ताऊ को बेचा था। जिसके कुछ रुपए ताऊ की ओर उधार रह गए थे। जब उसने ताऊ से अपने रुपए मांगे तो ताऊ एवं ताई ने गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट से उसके सिर एवं शरीर में काफी चोटें आई हैं पुलिस ने घायल का डॉक्टरी परीक्षण कराया है।

# वन विभाग की जमीन पर चलाया हल वन अधिकारी ने ट्रैक्टर व चालक पुलिस को सौपा



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-अकराबाद - थाना क्षेत्र के गांव इरखिनी मंडनपुर में शुक्रवार की सुबह वन विभाग के अधिकारियों ने एक युवक को वन विभाग की जमीन पर ट्रैक्टर द्वारा जोतते हुये पकड़ कर पुलिस को सोंपा है। वन विभाग के दरोगा एवं सेक्शन प्रभारी अकराबाद पूरनसिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा है शुक्रवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि गांव इरखिनी मंडनपुर स्थित वन विभाग की जमीन को ट्रैक्टर व हेरो द्वारा जुताई की जा रही है।सूचना पर वह वन रक्षक विनय कुमार के साथ मौके पर पहुंच गये तो देखा गांव का एक व्यक्ति वन विभाग की जमीन पर ट्रैक्टर चला कर जोत रहा था। सेक्शन प्रभारी ने बताया है कि पकड़े गये ट्रैक्टर व उसके चालक को लेकर थाने आये और आवश्यक कार्यवाई के लिए थाना अकराबाद पुलिस को सोंप दिया है।

इस संबंध कोतवाल रामवकीलसिंह का कहना है कि वन विभाग द्वारा दी गई तहरीर पर संबंधित हल्का लेखपाल व कानून गो के द्वारा जांच की जायेगी।सरकारी जमीन पाये जाने पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई की जायेगी।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527